हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 16 जून, 2024

14 डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



14 सरकार के तालमेल से विकास कार्यों को मिल पाएगी रफ्तार



## खबर संक्षेप



नारनौल। बैठक में हिस्सा लेते डिपार्टमेंटल स्टोर संगठन सदस्य।

### माह के अंतिम रविवार को बंद रहेंगे डिपार्टमेंटल स्टोर

**नारनौल।** शहर के डिपार्टमेंटल स्टोर संगठन की आवश्यक बैठक शनिवार सिंघाना रोड स्थित होटल देव रीजेंसी में हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष तेज प्रकाश यादव ने की। बैठक का संचालन संगठन के सचिव अमित गर्ग ने किया। इस मीटिंग में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिसमें ग्राहकों की संतुष्टि और सेवा भाव सवार्ेपरि माना गया। एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए सभी ने एकमत से प्रस्ताव पारित किया की हर महीने के अंतिम रविवार को अवकाश रखा जाएगा।

### बाबा सुरतानंद महाराज का विशाल भंडारा 17 को

**महेंद्रगढ़।** गांव निम्बहेड़ा में 17 जून को बाबा सुरतानंद महाराज के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत आकाश गिरी ने बताया कि भंडारे से पूर्व 16 जून की रात्रि को बाबा सुरतानंद महाराज का विशाल जागरण का आयोजन होगा। जिसमें भजन गायक बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 जून को विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। गांव में हर साल बाबा का भंडारे का आयोजन होता हैं।

### सिहमा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप शिविर आज

**मंडी अटेली।** निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप शिविर सिहमा में 16 जून रविवार आज बाबा खेतानाथ मंदिर में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप शिविर में मस्तिष्क रोग, मूत्र रोग, आंख रोग, हड्डी रोग, नाक-कान-गला रोग, जनरल फिजिशियन के अलावा के विभिन्न प्रकार बीमारियों की जांच कर निःशुल्क दवाई दी जाएगी। यह कैंप नारनौल के एक निजी अस्पताल द्वारा लगाया जा रहा है।

### इस सत्र से नए कोर्स में होंगे दाखिले, नए मिले कोर्स होंगे एससीवीटी

# आईटीआई में शुरू हुए पांच नए कोर्स 4 संस्थानों में 5 कोर्स में बढ़ाई सीटें

- महेंद्रगढ़ आईटीआई में कोपा, मालड़ा बास में एमएमवी, सेहलंग में एमसीईए, संस्थान सतनाली में पलंबर व डीएमएम कोर्स को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़





कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से जिले की चार आईटीआई में पांच नए कोर्स को मंजूरी दी हैं। वहीं चार संस्थानों में पांच कोर्स में एक यूनिट बढ़ाई गई हैं। जिन संस्थनों को नए कोर्स मिले है तथा सीटों की संख्या बढाई है उनमें इसी सत्र से दाखिले होंगे।

बता दें कि आईटीआई संस्थानों में 7 जून से दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। विभाग की ओर से दाखिला प्रक्रिया शुरू होने से पहले सभी संस्थानों से नए कोर्स डिमांड भेजने के आदेश दिए गए थे। संस्थानों की आदेश अनुसार नए कोर्स की डिमांड भेजी गई थी अब विभाग की ओर से नए कोर्स को मंजूरी दे दी गई हैं। नए कोर्स को मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र के युवाओं को काफी फायदा मिलेगा।

**इन संस्थानों में शुरू हुए है नए कोर्स :** जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ में कोपा, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मालड़ा बास में एमएमवी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेहलंग में एमसीईए, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सतनाली में पलंबर, डीएमएम की नई कोर्स शुरू किए गए है। यह सभी एससीवीटी से संबंधित कोर्स है। इन सभी कोर्स की 104 सीट हैं। वहीं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेहलंग में डीएमसी की ट्रेड बंद हो गई है।

**11 आईटीआई में करीब 3500 सीटों पर होगा दाखिला :** विद्यार्थी 7 से 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से पहले ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। पहली मेरिट सूची की तिथि 21 जून के बाद आ सकती है। जिले में 11 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में करीब 3500 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है। जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हेल्प डेस्क बनाई गई है।

#### दाखिले के लिए जरूरी दस्तावेज


- परिवार पहचान पत्र
- शैक्षणिक योग्यता का दस्तावेज
- आधार कार्ड
- निजी मोबाईल नंबर व ईमेल आईडी
- डोमोसाईल
- जाति प्रमाण पत्र
- आय प्रमाण पत्र
- ऑनलाईन पेमेंट के लिए डेबिट व क्रेडिट कार्ड
- आवेदक पासबुक

#### इन संस्थानों में एक-एक यूनिट बढ़ी

जिले की चार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की जहां नए कोर्स शुरू हुए है। वहीं चार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सीटों की संख्या बढ़ाई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में महेंद्रगढ़ में फिटर व टर्नर, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर में इलेक्ट्रीशियन, सेहलंग में वायरमैन, सतनाली में इलेक्ट्रीशियन की एनसीवीटी की एक-एक यूनिट बढ़ाई गई है। इन ट्रेडों में पहले कम सीट थीं। अब एक-एक यूनिट बढ़ने से सीटों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। इन सभी ट्रेडों में करीब 104 सीट बढ़ी हैं।

## हमीदपुर नदी के पास लकड़बग्गा दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त पड़ा हायना। फोटो : हरिभूमि

सिंघाना रोड पर गांव गहली एवं हमीदपुर के मध्य नेशनल हाइवे नंबर 11 पर एक हायना (लकड़बग्गा) अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। वाहन की टक्कर लगने के बाद हायना सड़क किनारे जा गिरा। वाहन की चोटों के कारण वह सड़क किनारे से उठकर नहीं जा सका और वहीं लुढ़क गया। हायना को देख वहां पर अनेक लोग एकत्रित हो गए तथा इसकी सूचना वाइल्ड लाइफ की टीम को दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर वाइल्ड लाइफ की टीम पहुंची और हायना का रेस्क्यू कर उसका उपचार शुरू किया तथा उसे अपने साथ महेंद्रगढ़ ले गई। घटना शनिवार सुबह की है। वन्य प्राणी जीव विभाग के इंस्पेक्टर चरण सिंह ने बताया कि सवेरे सात बजे मोबाइल फोन पर इसकी सूचना मिली थी। जिसके पश्चात मौके पर जाकर उक्त जंगली जानवर का रेस्क्यू कर महेंद्रगढ़ लाया गया है। अभी उसका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि हमीदपुर नदी में अनेक प्रकार के जंगली जानवर रहते हैं। शनिवार सुबह भी सड़क पार करते वक्त एक वाहन की चपेट में आने से हायना चोटिल हो गया।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**महेंद्रगढ़।** शहर की आदर्श रामलीला ग्राउंड में रविवार को सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक राव दानसिंह कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे और विधानसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। राव दानसिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन सराहनीय रहा है, इसको लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की।

## ब्रेजा और डंपर की टक्कर में सुराणा के वकील की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। छत्रपाल यादव एडवोकेट।


- शुक्रवार को रात्रि करीब 10 बजे ब्रेजा गाड़ी से अपने गांव के लिए निकले थे

नजदीकी गांव सुराणा निवासी छत्रपाल यादव एडवोकेट की आरपीएस स्कूल के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई। वह जिला एवं सत्र न्यायाधीश नारनौल में बतौर अधिवक्ता प्रेक्टिस कर रहे थे। वह शुक्रवार को रात्रि करीब 10 बजे ब्रेजा गाड़ी से अपने गांव के निकले थे और अकेले थे, लेकिन आरपीएस के नजदीक गांव के बस स्टैंड पर एनएच 11 पर डंपर एवं ब्रेजा की टक्कर हो गई, जिसमें वकील की मौत हो गई। वह करीब 44 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता छत्रपाल यादव नारनौल कोर्ट में प्रेक्टिस करते थे। बीते शुक्रवार रात्रि को करीब दस बजे वह जब अपने गांव सुराणा जा रहे थे, तब आरपीएस स्कूल के पास डंपर एवं ब्रेजा के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में वकील गंभीर रूप से जख्मी हो गया और एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे दो लड़के छोड़ गया है, जिनमें से एक बारहवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है तो बड़ा नीट की तैयारी कर रहा है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने उपरांत आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शनिवार सुबह नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करवा उसे परिजनों को सौंप दिया।

## 2.45 करोड़ से होगी मार्केटिंग बोर्ड के पांच रास्तों की मरम्मत

- डेढ़ दर्जन गांवों को होगा सीधा लाभ, जर्जर हो गई थी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। जर्जर सड़क। फोटो : हरिभूमि


- देवास से कोथल खुर्द-लंबाई 4400 मीटर, लागत 63.85 लाख
- निहालावास से पाल-लंबाई 2760 मीटर, लागत 50.14 लाख
- नांगल सिरोही से डेरोली जाट, लंबाई 3480 मीटर, लागत 64.73 मीटर
- माजरा खुर्द से खातोदिया की ढाणी-लंबाई 1680 मीटर, लागत 17.67 लाख
- माजरा कलां से भगडाना-लंबाई 1950 मीटर, लागत 48.33 लाख

काफी वर्ष पहले मार्केटिंग बोर्ड द्वारा बनाए गए और अभी जर्जर हो चुके पांच रास्तों की स्पेशल रिपेयर के लिए मार्केटिंग बोर्ड ने दो करोड़ 45 लाख की राशि मंजूर की है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र की पांच पक्के रास्तों की स्पेशल रिपेयर के लिए मार्केटिंग बोर्ड ने मंजूरी दी है। ये सभी रास्ते काफी वर्ष पहले पक्के किए गए थे तथा वर्तमान में ये जर्जर हो चुके हैं। इन रास्तों से रोजाना हजारों किसान एवं ग्रामीण आवाजाही करते हैं। जर्जर हो जाने की वजह से इन रास्तों की मरम्मत की आवश्यकता थी। गांव देवास से गांव कोथल खुर्द, गांव निहालावास से गांव पाल, गांव नांगल सिरोही से गांव डेरोली जाट, गांव माजरा खुर्द से खातोदिया की ढाणी तथा गांव माजरा कलां से भगडाना तक के जर्जर हो चुके पक्के रास्तों की स्पेशल रिपेयर की जाएगी। मरम्मत के बाद ये सभी रास्ते बिल्कुल नए जैसे हो जाएंगे तथा कहीं-कहीं पर तारकोल की सड़क की जगह इंटर लॉकिंग टाइल्स भी बिछाई जाएंगी। संदीप मालड़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार की नीति है कि गांवों का विकास भी शहरों की तर्ज पर ही किया जाए तथा किसान को अपनी फसल को मंडी तक लाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। संदीप मालड़ा ने बताया कि बची हुई सड़कों की मरम्मत की मंजूरी भी जल्द करवाई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक किसानों एवं आम ग्रामीण को सुविधा हो सके। इन सभी रास्तों की मरम्मत की मंजूरी के लिए वे सांसद धर्मबीर सिंह का आभार व्यक्त करते हैं।

## फसल पंजीकरण की साइट में आ रही टेक्निकल दिक्कत, नहीं हो रहे पंजीकरण

- फसल पंजीकरण के लिए किसान के पास परिवार पहचान पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, कुएं का बिजली बिल के अलावा परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत मोबाइल नंबर जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। ऑनलाइन पंजीकरण में आ रही टेक्निकल दिक्कत।

किसानों को सरकारी दाम पर फसल बेचने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से संचालित मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करना जरूरी है। पोर्टल पर किसान अपनी विभिन्न फसलों का पंजीकरण करवा सकते है। फसल पंजीकरण के लिए किसान के पास परिवार पहचान पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, कुएं का बिजली बिल के अलावा परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत मोबाइल नंबर जरुरी है, लेकिन बीते दो दिन से साइट एरर होने की वजह से पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हो रहे है। जिसकी वजह किसान इधर-उधर अपनी फसल का पंजीकरण करवाने के लिए सीएससी सेंटरों पर चक्कर लगा रहे है। ढाणी बाठोठा सीएससी इंचार्ज बिरेंद्र यादव ने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण करते समय जमीन मालिक का नाम सर्च करते समय नो ओनर फाउंड हो रहा है। साइट में टेक्निकल दिक्कत है, जो जल्दी ही ठीक हो जाएगी, उसके बाद किसान अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकते है।

### बैंक में चपरासी लगवाने के नाम पर 20 लाख रुपये ठगे, केस दर्ज

**कनीना।** बैंक में चपरासी लगवाने के नाम पर 20 लाख रुपए ठगने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में मुंडिया खेड़ा निवासी संदीप ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में कहा कि उसकी दोस्ती कनीना के वार्ड नंबर पांच मोहल्ला चिचानिया निवासी अजीत के साथ थी, जो प्राइवेट स्कूल में नौकरी करता है। नवंबर 2021 में पीएनबी बैंक में चपरासी के पद पर नौकरी के ऑफलाइन आवेदन मांगे गए थे। अजीत ने कहा कि उसकी अच्छी पहचान है, वह उसे बैंक में चपरासी लगवा देगा।

## फव्वारा चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

क्षेत्र से फव्वारा नोजल व केबल चोरी करने के आरोप में थाना शहर पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सुनील वासी डूमोली, जिला झुंझुनूं राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ पहले भी चोरी के छह केस दर्ज हैं। पुलिस आरोपित से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि नोजल व केबल चोरी की शिकायत जगदेव वासी चेलावास ने थाना शहर में दी थी। जिसमें उसने बताया कि ग्राम पचांयत चेलावास की पचांयती जमीन एक साल के लिए उसने पट्टे पर ले रखी है। बीती 21 फरवरी की रात गेहूं की फसल से 12 नोजल व एक बैंड तथा स्टार्टर से बोरवेल तक केबल चोरी की गई है। बाद में संदीप के कुएं से 12 पीतल की फव्वारा नोजल भी चोरी हो गई। इसके अलावा जयभगवान के खेत से 11 फव्वारा, एक टी चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी थी। सुराग लगने पर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।



नारनौल। विद्यार्थियों को नशा के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा : पुलिस ने युवा पीढ़ी को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- पुलिस प्रशासन 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा मना रहा

नशे के खिलाफ पुलिस की ओर से विशेष चलाया गया है। इसके तहत पुलिस प्रशासन 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा मना रहा है। जिसके तहत आमजन को नशे के प्रति जागरूक व नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी, नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता फैलाना, ड्रग्स के दुरुपयोग को खत्म करना है। बता दें कि विश्व नशा निरोधक दिवस हर साल 26 जून को मनाया जाता है।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना शहर पुलिस टीम ने शनिवार को एक कोचिंग एकेडमी में अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उनको इससे होने वाले कुप्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नशा न करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने युवा वर्ग व आम नागरिकों को नशे से दूर रहने की अपील भी की। टीम ने बताया कि नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर उस नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकिचाते है। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे।

**बैठक** सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों की ली बैठक

विकास कायार्ें में और तेजी लाएं अधिकारी : धर्मबीर सिंह

## सांसद धर्मवीर सक्रिय...सेहलंग-बाघोत-दादरी सड़क को स्टेट हाईवे का दर्जा दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

- सरकार नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने को कृतसंकल्पित : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने को कृत संकल्पित है। विकास कायार्ें में अधिकारी और तेजी लाएं तथा उसे तय समय सीमा में पूरा करवाएं, ताकि नागरिकों को उसका फायदा मिले। सांसद शनिवार को लघु सचिवालय में आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता भी मौजूद थी।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि अटल मिशन ऑफ रेजूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफोर्मेशन (अमृत-2) योजना शुरू होने से पहले शहरों में मौजूदा संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए लोगों को पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाए। गर्मी के सीजन को देखते हुए अधिकारी अतिरिक्त व्यवस्था करें। लोगों को पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में ट्यूबवेल के जरिए पेयजल सप्लाई हो रही है, उन ट्यूबवेल पर बिजली की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत बनी कॉलोनियों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इन कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन की मंजूरी मिल चुकी है। अब बिजली निगम जल्द से जल्द इस कार्य को संपन्न करवाए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सांसद ने सेहलंग-बाघोत-दादरी सड़क को स्टेट हाईवे का दर्जा दिलाने के लिए बीएंडआर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करें। इस मार्ग को स्टेट हाईवे का दर्जा मिलता है, तो बाघोत में ग्रीन फील्ड कॉरिडोर 152-डी पर कट खुलने का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। इस बैठक में अटेली के विधायक सीताराम यादव, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, डीएमसी महावीर प्रसाद, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह व एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# एमएफ में 8-4-3 का नियम तो खटाखट बढ़ेगा पैसा

- म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए यह एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी
- हर माह 21,250 निवेश करेंगे तो 8 साल में 33.37 लाख बनेंगे
- 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचाने में कामयाब होंगे
- धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करें

*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*


**निवेश मंत्रा**

**बिजनेस डेस्क**

पैसा आज की सबसे बड़ी जरूत है। हर किसी को पैसा चाहिए। पैसा बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन थोड़ी सावधानी के साथ निवेश किया जाए तो आप कंपाउंड का लाभ लेकर आसानी से कुछ ही समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं और करोड़पति बन सकते हैं। हर कोई करोड़पति बनने की चाहत रखता है। इसे पर्सनल फाइनेंस में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जाता है। अक्सर लोग पूछते हैं क करोड़पति बनने के लिए क्या करना होगा? क्या 1 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कसी तय समय की जरूरत है? क्या इतनी रकम जोड़ पाना संभव है? इन सभी सवालों का जवाब 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल में है। दरअसल, किसी भी फाइनेंशियल टारगेट तक पहुंचने के लिए आपके हाथ में जरूरी समय होना चाहिए। इसके लिए तय समय तक एक निश्चित रकम का निवेश करने की जरूरत होगी। अनुशासन और चक्रवृद्धि की ताकत (कम्पाउंडिंग पावर) से समय के साथ अपनी बचत को दोगुना या तिगुना करना मुमकिन है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि म्यूचुअल फंड में 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल क्या है। निवेशक क्यों इसे निवेश की सबसे लोकप्रिय स्ट्रैटेजी बता रहे है। यह नियम कैसे पैसा बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है।

### क्या है 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल

म्यूचुअल फंड की दुनिया में 8-4-3 रूल बढ़ते निवेश में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दर्शाने में मदद करता है। इसके जरिये एक करोड़ रुपये या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल एक कॉन्सेप्ट है। इसका इस्तेमाल समय के साथ आपके निवेश को बढ़ाने में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दिखाने के लिए किया जाता है। अगर हम इसे ध्यान से देखें तो यह कोई निवेश रणनीति नहीं है, बल्कि ग्रोथ की संभावित रफ्तार को समझने का एक सरल तरीका है। निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैसे लागू होता है 8-4-3 का नियम?

पहले 8 सालों में आप अपने निवेश में स्थिर बढ़ोतरी देखते हैं। फिर अगले 4 सालों (वर्ष 9-12) में निवेश की ग्रोथ पहले 8 सालों के बराबर हो सकती है। यानी आपने पहले 8 सालों में जितना पैसा बनाया वह 4 साल में बनने लगता है। फिर अंतिम 3 सालों (वर्ष 13-15) में निवेश की बढ़ोतरी पिछले 4 सालों जितनी हो सकती है।

### पूरा कॉन्सेप्ट ऐसे समझें

- निवेश में 8-4-3 रूल के असर को समझने के लिए एक उदाहरण लेते हैं। मान लेते हैं कि आप ऐसे किसी इंस्ट्रूमेंट में पैसा लगाते हैं, जिसमें 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। इसके जरिये हर महीने 21,250 रुपये का निवेश करके आप 8 साल में 33.37 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं। इसी तर्ज पर निवेश करते हुए अगले 4 साल में आप और 33 लाख रुपये अर्जित कर लेंगे। यानी पहले के मुकाबले इस बार आधा समय लगता है। बाकी 33.33 लाख रुपये सिर्फ तीन वर्षों में बचाए जा सकते हैं।
- इस तरह 15 साल के बाद आप 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएंगे। लगातार निवेश के साथ 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। यानी यह छह सालों में आपकी 1 करोड़ रुपये की राशि को दोगुना कर देगा।
- 22वें साल तक आप सिर्फ एक साल में 33 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इसका श्रेय चक्रवृद्धि ब्याज को जाता है। ध्यान दें कि इस उदाहरण में वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज का इस्तेमाल किया गया है।

### यह भी अहम

बदलती बाजार स्थितियों और रुझानों के साथ अपने निवेश को समायोजित करना महत्वपूर्ण है। यह गतिशील दृष्टिकोण जोखिमों को कम करने और अवसरों को भुनाने में मदद करता है। 8-4-3 नियम को समझने से विश्वसनीय दीर्घकालिक निवेशों के बारे में जानकारी मिलती है। इस नियम का पालन करने से जोखिम कम हो सकता है, महंगाई से बचाव हो सकता है और बाजार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है। बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करना संभव है।

## स्मॉल-कैप फंड में निवेशकों का भरोसा बरकरार, बन रहे रिकॉर्ड

**जानकारी**

**बिजनेस डेस्क**

- मई में 2,724 करोड़ का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ ज्यादा
- इक्विटी एमएफ में मई महीने में निवेश 84% तक बढ़ा
- इक्विटी में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा
- लोगों ने सेक्टोरल व थेमेटिक फंड्स में खूब निवेश किया
- इस दौरान सेक्टोरल/थेमेटिक फंड्स में 272% इनफ्लो बढ़ा
- हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड में नेट इनफ्लो 78% हुआ कम

इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर स्मॉल कैप फंडों में लोगों का उत्साह जारी है। तभी तो बीते मई महीने के दौरान इस निवेश में जोरदार बढ़त देखने को मिली। स्मॉल-कैप फंड में लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुझान बढ़ता दिखा। मई में 2,724 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईएलएसएस और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी ने मई में पोजिटिव इनफ्लो हुआ। हालांकि, ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड में ओवरऑल इनफ्लो मई में 54% घटकर 1.11 लाख करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल में यह 2.40 लाख करोड़ रुपये था। वहीं देखा जाए तो इक्विटी म्यूचुअल फंड भी मई में 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले 83 फीसदी अधिक है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 18,917 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।




**डेट फंड से पैसे निकाले :** बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में नेट इन्फलो में अच्छी-खासी गिरावट देखी गई। अप्रैल में यह 1.89 लाख करोड़ रुपये पर था जो कि मई महीने में 78% गिरकर 42,294 करोड़ रुपये रह गया। शॉर्ट-ड्यूरेशन फंड, मीडियम-ड्यूरेशन फंड, डायनेमिक बॉन्ड फंड, क्रेडिट रिस्क फंड, गिल्ट फंड और फ्लोटर फंड में निवेशकों ने पैसा निकला। फ्लोटर फंड (546.41 करोड़) और क्रेडिट रिस्क फंड( 540 करोड़) में सबसे अधिक निवेशकों ने पैसे निकाले।

### अब तक का सबसे अधिक निवेश

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मई महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में अब तक का सबसे अधिक निवेश हुआ है। इसकी वजह न्यू फंड ऑफर (एफएफओ) और सेक्टोरल/थेमेटिक स्कीम में 272% की मजबूत वृद्धि देखी गई। इन स्कीम्स में मई में 19,213.43 करोड़ रुपये का इनफ्लो रहा। अप्रैल में यह 5,166.05 करोड़ रुपये था। मई महीने में एनएफओ के जरिए निवेश बढ़कर 10,140 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में 1,536 करोड़ से यह काफी अधिक है।

### एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। एसआईपी के जरिए मंथली कांट्रिब्यूशन बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया। यह अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन स्कीम्स में मंथली निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### निवेशकों को मिला मौका

मई में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बीच-बीच में शेयर बाजार में करेक्शन हुआ। इस करेक्शन ने निवेशकों को बाजार में कुछ खरीदारी का मौका दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में वापस आने की उम्मीद ने भी निवेशकों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। आखिर कर एनडीए की सरकार भी बन गई।

## म्यूचुअल फंड स्कीम, मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को दे रही टक्कर

- सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में सुरक्षित भी
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी निवेश की कई कटेगरी
- लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप फंड के जरिए निवेश
- रिटर्न देने में भी किसी से पीछे नहीं है एमएफ

आप भी निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिये। निवेश से पहले एक बार बाजार का रुख देख लें। अपनी रिस्क क्षमता और लक्ष्य का चुनाव कर लें। क्योंकि पैसा कमाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता है। हां अब धैर्य और प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो आपको कुछ ही समय में पैसे वाला बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करते समय अलर्ट रहें, ताकि आपको नुकसान न हो। क्या आपको किसी स्कीम या विकल्प में पैसा लगाकर सिर्फ एक साल में 60 फीसदी या 70 फीसदी रिटर्न मिला है। जब इतने हाई रिटर्न की बात होती है मन में अक्सर स्टॉक मार्केट का ध्यान सबसे पहले आता है, लेकिन बहुत से निवेशक स्टॉक मार्केट में शामिल रिस्क को देखकर डर जाते हैं या उन्हें स्टॉक मार्केट की बहुत अच्छी जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे निवेश का फैसला नहीं ले पाते, लेकिन एक और विकल्प है, जो स्टॉक मार्केट की तुलना में काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है और रिटर्न देने के मामले में भी कहीं से पीछे नहीं है। हम बात कर रहे हैं म्यूचुअल फंड बाजार की, जहां कई ऐसी स्कीम मौजूद हैं, जिनका एक साल का रिटर्न 65 फीसदी से 77 फीसदी रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं म्यूचुअल फंड कर कुछ ऐसी स्कीम जो मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को भी कड़ी टक्कर दे रही हैं। इन योजनाओं में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और कम समय में ही अमीर यानी करोड़पति भी बन सकते हैं।

**योजना**

**बिजनेस डेस्क**

### वर्ष में रिटर्न देने में टॉप स्कीम

- क्वांट मिडकैप फंड : 76.53%
- बंधन स्मॉलकैप फंड : 71.95%
- आआर्टीआई मिडकैप फंड : 71.80%
- एबीएसएल निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स : 71.09%
- क्वांट लार्ज एंड मिडकैप फंड : 69.62%
- आईटीआई स्मॉलकैप फंड : 67.98%
- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफ : 67.32%
- क्वांट स्मॉलकैप फंड : 66.18%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 65.54%
- जेएम फ्लेक्सी कैप फंड : 65.34%

### सीधे स्टॉक में पैसा लगाने से ज्यादा सुरक्षित

बाजार के जानकारों के अनुसार म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं, कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं।



### फंड मैनेजर की देखरेख में होता है निवेश

म्यूचुअल फंड की एक और खासियत है कि इसमें कुशल फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। किसी एक स्टॉक में पैसा लगाने की बजाए फंड मैनेजर अलग-अलग सेक्टर के मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों का चयन करता है। इसमें एक और सुविधा है कि अगर एकमुश्त पैसा नहीं लगाना चाहते तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए मंथली बेसिस पर निवेश कर सकते हैं।

### लगातार बढ़ रही है पॉपुलैरिटी

म्यूचुअल फंड्स की लोकप्रियता निवेशकों में बढ़ रही है। एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 84 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 34,670.9 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अप्रैल में 18,888 करोड़ रुपये रहा। सेक्टोरल फंड्स में मंथली बेसिस पर 272 फीसदी इनफ्लो बढ़ा है। डेट म्यूचुअल फंड्स में 42,295 करोड़ का निवेश आया। म्यूचुअल फंड में न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए 10,140 करोड़ का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम मंथली बेसिस पर 2.9 फीसदी बढ़कर 58.91 लाख करोड़ हो गया है।

### मई में यह रहा इनफ्लो

मई 2024 में इक्विटी कैटेगरी में फ्लेक्सी फंड्स में 3,155.07 करोड़ का इनफ्लो रहा। स्मालकैप फंड्स में 2,724.67 करोड़, मल्टीकैप फंड्स में 2,644.88 करोड़, मिडकैप फंड्स में 2,605.70 करोड़, लार्च एंड मिड कैप में 2,396.91 करोड़, वैल्यू/कॉन्ट्रा फंड में 1,404.34 करोड़, लार्ज कैप में 663 और डिविडेंड यील्ड फंड में 445.2 करोड़ का इनफ्लो हुआ।

### इसलिए करें म्यूचुअल फंड में निवेश

आप किसी भी दिन कितने भी म्यूचुअल फंड खरीद और बेच सकते हैं, जबकि यह बैंक एफडी, पीपीएफ या बीमा को आप सरकारी छुट्टी या रविवार को नहीं खरीद बेच सकते हैं। म्यूचुअल फंड आपको कम निवेश में कई स्टाक और बांड लेने की सुविधा देता है। आप जिस म्यूचुअल फण्ड में निवेश करते हैं उस फण्ड में से किसी एक जगह पैसा नहीं लगाया जाता है।

**अलर्ट** इंश्योरेंस बीमा खरीदते समय अक्सर इसे निवेश समझ बैठते हैं, इसके कारण लंबी अवधि में काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है

**निवेश के लक्ष्य से भटकें नहीं, पैसा बढ़ाने के लिए हमेशा धैर्य रखें और आगे बढ़ते जाएं**

## बीमा और निवेश को नहीं करें घालमेल, वरना होगा नुकसान फायदे में रहना है तो निवेश व बीमा हमेशा अलग-अलग रखें

**वित्तीय प्लानिंग**

**बिजनेस डेस्क**

इंश्योरेंस कवरेज यानी बीमा और निवेश को (घालमेल) करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से आप अपने निवेश के लक्ष्य से भटक जाएंगे और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीमा और निवेश के अपने अपने लाभ हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग ही रखें और अपनी जरूतों को पूरा करें। अक्सर लोग पॉलिसी खरीदते समय सबसे बड़ी भूल कर बैठते हैं वह है इंश्योरेंस प्लान में उसकी मेच्योरिटी वैल्यू या निवेश पर रिटर्न की तलाश करना। दरअसल, ऐसी सोच एक बड़ी गलतफहमी का नतीजा है, जो बड़ी संख्या में लोगों को रहती है। ये गलतफहमी है बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखने की। बीमा खरीदने वाले मैच्योरिटी बेनिफिट और रिटर्न को एक्स्ट्रा बेनिफिट की तरह देखते हैं तो निवेश करने वाले इंश्योरेंस को अतिरिक्त लाभ मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि बीमा और निवेश में घालमेल करने की यह मानसिकता लंबी अवधि में आर्थिक तौर पर भारी नुकसान करा सकती है। इसलिए बीमा करवाते और निवेश करते समय यह ध्यान रखें।

### बीमा को निवेश समझना क्यों गलत

जानकारों का मानना है कि सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखना गलत है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप अपने पैसे कहीं निवेश करते हैं, तो आप वहां से रिटर्न हासिल करने की उम्मीद करते हैं। इसी उम्मीद की वजह से लोग बीमा कंपनी को दिए गए प्रीमियम के बदले में रिटर्न या मेच्योरिटी बेनिफिट खोजने लगते हैं। इसी चक्कर में वे कम कीमत में ज्यादा कवरेज देने वाले टर्म प्लान को रिजेक्ट करके ऐसे एंडोमेंट प्लान को चुन लेते हैं, जिनमें उन्हें जीवित रहने पर सर्वाइवल बेनिफिट के तौर पर कुछ पैसे मिल जाते हैं। उन्हें लगता है कि टर्म प्लान खरीदने में कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उसमें कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता है। ऐसा सोचने वाले निवेशकों को यह ध्यान नहीं रहता कि एंडोमेंट पॉलिसी में उन्हें काफी ऊंचा प्रीमियम देने के बावजूद कम कवरेज से काम चलाना पड़ता है, जबकि प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी उन्हें बेहद कम प्रीमियम में अच्छा-खासा कवरेज देती है। टर्म इंश्योरेंस जीवन बीमा का सबसे सस्ता और सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि जीवन बीमा का मकसद रिटर्न पाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा हासिल करना है।



### कैसे लें पूरा लाभ

अगर बीमा और निवेश को अलग-अलग रखना है, तो दोनों का पूरा लाभ लेने का सही तरीका क्या होगा? आखिर अगर आप एंडोमेंट प्लान के लिए ऊंचा प्रीमियन भरने को तैयार हैं, तो बेहतर होगा अगर आप उसी रकम को दो हिस्सों में बांट लें। एक हिस्सा टर्म प्लान के जरिए बड़ा इंश्योरेंस कवरेज खरीदने पर खर्च करें और बाकी रकम को किसी इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करें। इस तरह आप उतनी ही रकम खर्च करके ज्यादा कवरेज हासिल कर लेंगे और निवेश की सही रणनीति अपनाकर ऊंचा रिटर्न भी ले पाएंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर 30 साल का व्यक्ति अगर 65 साल की उम्र तक कवरेज देने वाले 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीदना चाहे तो उसका सालाना प्रीमियम महज 12 हजार रुपये से शुरू होता है। जबकि एंडोमेंट प्लान में इतना ही कवरेज खरीदने के लिए उसे सालाना करीब 2.80 लाख रुपये का प्रीमियम देना पड़ेगा। इस प्लान में उसे 65 साल की उम्र में यानी 35 साल बाद 1 करोड़ रुपये का सम एश्योर्ड, 1.68 करोड़ रुपये का बोनस और 2.30 करोड़ रुपये का फाइनल बोनस एडिशन मिलाकर मैच्योरिटी बेनिफिट के तौर पर कुल 4.98 करोड़ रुपये मिलेंगे. जबकि 35 साल में उसने करीब 98 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर चुकाए होंगे. यानी अपने निवेश पर करीब 4 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये कैलकुलेशन एक प्रमुख बीमा कंपनी के एंडोमेंट प्लान कैलकुलेटर पर आधारित हैं।

### टर्म प्लान + म्यूचुअल फंड का कंबिनेशन

अब जानते हैं कि 30 साल का वही निवेशक अगर सालाना 2.80 लाख रुपये की उसी रकम को टर्म प्लान और इक्विटी म्यूचुअल फंड में बांटकर निवेश करे, तो क्या होगा? क्या वो एंडोमेंट प्लान के मुकाबले ज्यादा कवरेज और रिटर्न दोनों हासिल कर सकता है? 30 साल का व्यक्ति चाहे तो करीब 20 हजार रुपये के सालाना प्रीमियम में ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए 2 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीद सकता है। बाकी बचे 2.60 लाख रुपये अगर 21,666 रुपये के मंथली एसआईपी के जरिए हर साल ईएलएसएस में निवेश किए जाएं, तो 12 फीसदी के कंजर्वेटिव सालाना रिटर्न के आधार पर भी 35 साल में उसके निवेश की कुल वैल्यू 14.07 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी, जबकि इन 35 वर्षों के दौरान उसकी तरफ से निवेश की गई कुल रकम करीब 91 लाख रुपये होगी। यानी उसे अपने निवेश पर करीब 13 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा होगा। वो भी एंडोमेंट प्लान के मुकाबले दोगुना इंश्योरेंस कवरेज खरीदने के बाद।

### बेहतर कवरेज के साथ हाई रिटर्न

यह कैलकुलेशन किसी खास स्कीम के आधार पर नहीं, बल्कि ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी बेचने वाले पोर्टल पर दिए शुरुआती प्रीमियम के मोटे अनुमान पर आधारित है। इसलिए पॉलिसी खरीदते समय वास्तविक रकम इससे थोड़ी-बहुत अलग हो सकती है। फिर भी टर्म प्लान और एंडोमेंट प्लान के प्रीमियम के बीच भारी अंतर तो बना ही रहेगा। एंडोमेंट प्लान का एक बड़ा नुकसान यह भी है कि भारी प्रीमियम की वजह से कई बार लोग जितना इंश्योरेंस लेना चाहिए, उतना नहीं खरीद पाते हैं, जिसका खामियाजा किसी अनहोनी की हालत में उनके परिवार को उठाना पड़ सकता है। इसीलिए सही रणनीति यही है कि बीमा और निवेश को अलग-अलग रखें, ताकि इंश्योरेंस में सबसे बेहतर कवरेज और इनवेस्टमेंट में हाई रिटर्न, दोनों का पूरा-पूरा फायदा ले सकें। निवेश का अंतिम फैसला करते समय इक्विटी फंड में इनवेस्टमेंट से जुड़े मार्केट रिस्क को भी जरूर ध्यान में रखें।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**महेंद्रगढ़।** गांव अगिहार में प्राचीन शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पिलानी रोड बहल से पहुंची कथा वाचक साध्वी गोशिका गिरि ने बताया कि गांव में सात दिवसीय भागवत कथा का आज शुभारंभ हो गया है, जिसमें सबसे पहले महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव की मुख्य फिरनी से होते हुए शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुई। कथावाचक साध्वी गोशिका गिरि ने बताया कि कथा में शिव भक्ति का रसपान कराया गया। साथ हीं प्रथम दिवस की पावन कथा में भागवत के महात्म्य से श्रद्धालुओं को अवगत करवाया व भक्ति, ज्ञान, वराग्य के कष्टों की निवृत्ति की कथा का आनंद दिलाया।



### 21 धूनी तप का आज होगा समापन

**महेंद्रगढ़।** सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मंदिर सिसोठ धाम की महंत शक्तिनाथ महाराज गांव सिसोठ एवं क्षेत्र के जन कल्याण के लिए 21 दिवसीय 21 धूनी तप 27 मई से किया गया, जिसका रविवार को सुबह हवन के साथ समापन होगा। इसके साथ-साथ क्षेत्र के साधु संत भजन कीर्तन करेंगे और ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दाल बाटी चूरमा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर कमेटी सदस्य मुकेश चौहान व मंदिर कमेटी सदस्य राधेश्याम ने बताया कि जब से महंत शक्तिनाथ ने 21 धूनी तप प्रारंभ किया, इस दिन से आज तक महिलाओं द्वारा रोजाना सुबह 10 से शाम तीन बजे तक और फिर रात्रि आठ बजे से 11 बजे भजन कीर्तन किया गया।

# 18 जून को रखा जाएगा निर्जला एकादशी का व्रत, मिट जाते हैं पाप

- पंडित राजेश शर्मा पुजारी ने कहा कि गौ-ब्राह्मण संत सेवा परम धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा मौहल्ला चौधरियान में कर्मकांड एवं ज्योतिष संगठन की मीटिंग का आयोजित किया गया, जिसमें विप्र बंधुओं ने भाग लिया। मीटिंग की अध्यक्षता पं उमादत्त शर्मा ने की। इस मौके पर पं राजेश शर्मा पुजारी, आचार्य मनीष शास्त्री, पं राहुल शास्त्री, पं आनंद जोशी, पं यश तिवाड़ी, पं योगेश शर्मा, पं अमित शर्मा (विक्की), पं राजेन्द्र शर्मा, पं अंकित शर्मा, पं हर्षित शर्मा, पं मनोज शर्मा, पं नितिन शर्मा व पं मनोज निर्मल आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

वक्ताओं में शामिल पंडित राजेश शर्मा पुजारी ने कहा कि गौ-ब्राह्मण संत सेवा परम धर्म हैं। संगठन का उद्देश्य तिथि त्योहार के निर्णय एकमत से प्रचार करना है। संगठन द्वारा एक महीने में निःशुल्क संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें आगामी त्यौहार निर्जला एकादशी मनाने पर निर्णय लिया गया। कर्मकांड एवं ज्योतिष संगठन के सभी ब्राह्मणों ने निर्णय लिया किया शास्त्रोक्त निर्जला एकादशी का व्रत 18 जून वार मंगलवार का रहेगा। इसलिए सभी को एकादशी व्रत 18 जून को ही करना चाहिए। जो लोग



नारनौल। गौड़ ब्राह्मण सभा प्रांगण में बैठक करते विप्र बंधु। फोटो : हरिभूमि

18 जून को निर्जला एकादशी व्रत रखेंगे, वे जान लें कि इस व्रत को करने से सभी पाप मिट जाते हैं। व्यक्ति को जीवन के अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह एकमात्र ऐसा व्रत है, जिसे भीमसेन ने भी किया था, जिसकी वजह से निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। सालभर में 24 एकादशी आती हैं, 12 शुक्ल पक्ष की और 12 कृष्ण पक्ष की और हर एकादशी का खास महत्व होता है, लेकिन, शास्त्रों में निर्जला एकादशी को मोक्ष देने वाली एकादशी कहा जाता है। इसे भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन व्रत करने के अलावा गंगा में स्नान करने और दान करने का विशेष महत्व होता है। इस बार निर्जला एकादशी का व्रत 18 जून मंगलवार के दिन रखा जाएगा।

कर्मकाण्ड एवं ज्योतिष संगठन के विद्वानों आचार्य मनीष शास्त्री, पं आनंद जोशी व पं राहुल शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब वेदव्यास ने पांडवों को धर्म, अर्थ, कर्म और मोक्ष देने वाली एकादशी व्रत का संकल्प कराया था, तब युधिष्ठिर ने पूछा था ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में जो एकादशी है, उसके बारे में विस्तार से बताइए। इस पर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा हे! राजन, इस बारे में परम धर्मात्मा व्यास जी बताएंगे। तब व्यास जी ने बताया कि कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी में भोजन नहीं किया जाता है और उसके अगले दिन द्वादश तिथि को स्नान करके पवित्र होकर फूलों से भगवान केशव की पूजा की जाती है। पहले ब्राह्मण को भोजन कराकर बाद में खुद भोजन किया जाता है। इस पर भीमसेन बोले- पितामह मैं आपके सामने सच कहता हूं मुझसे एकबार भोजन करके भी व्रत नहीं किया जा सकता, तो फिर उपवास करके मैं कैसे रह सकता हूं। मैं पूरे साल में केवल एक ही उपवास कर सकता हूं, जिससे स्वर्ग की प्राप्ति हो। अगर ऐसा कोई व्रत है तो बताएं। इस पर व्यास जी ने कहा ज्येष्ठ माह में सूर्य वृष राशि पर हो या मिथुन राशि पर शुक्ल पक्ष में जो एकादशी आती है, उस पर निर्जला व्रत करें। एकादशी तिथि पर सूयार्ेदय से लेकर दूसरे दिन के सूयार्ेदय तक जल नहीं पिएं, तब यह व्रत पूरा होगा। इसके बाद द्वादश तिथि को स्नान करके ब्राह्मणों को विधिपूर्वक जल और सुवर्ण का दान करें। इस तरह से अगर केवल निर्जला एकादशी का व्रत करते हैं तो इससे सालभर में जितनी भी एकादशी तिथि होती हैं, उसका फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जिस भी व्यक्ति ने श्री हरि की पूजा और रात में जागरण करते हुए इस निर्जला एकादशी का व्रत किया, उन्हें अपने साथ-साथ पिछली 100 पीढ़ियों को और आने वाली 100 पीढ़ियों को भगवान वासुदेव के परम धाम में पहुंचा देते हैं।

## प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम में 15 बीएलओ का किया चयन

# लोकसभा चुनाव में जिस बूथ में सर्वाधिक हुई पोलिंग, उन बीएलओ को किया सम्मानित

- लोकतांत्रिक व्यवस्था में सफल चुनाव का आधार ही बीएलओ है : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने लोकसभा चुनाव में हलका के पोलिंग बूथों पर सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथों के बीएलओ को सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा ने बताया कि 75 फीसदी से अधिक मतदान वाले बूथों के बीएलओ को ट्रस्ट के महावीर चौक स्थित कार्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। मंच संचालन ट्रस्टी डा. जितेंद्र भारद्वाज ने किया व धन्यवाद ज्ञापन हितेंद्र बोहरा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने कहा



नारनौल। कार्यक्रम में बीएलओ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सफल चुनाव का आधार ही बीएलओ है। उनके बिना चुनाव प्रक्रिया की कल्पना नहीं नहीं की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि विपिन शर्मा ने कहा कि बीएलओ लगातार मतदाताओं के वोट बनाने, शिफ्टिंग, नए मतदाता जोड़ने, आधार लिंक जैसे कायार्ें के माध्यम से आपने क्षेत्र में कार्यरत रहते है। इनका दायित्व महत्तवपूर्ण है। अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि चुनावों में आम जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने और लोगों के अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए संस्था की ओर से यह प्रयास किया गया। डा. जितेंद्र भारद्वाज व हितेंद्र बोहरा ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से सतरंगी सप्ताह, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर ड्राइंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता के साथ साथ इवीएम का प्रशिक्षण भी दिया गया था। यह बीएलओ हुए सम्मानितः ट्रस्टी भीमसेन शर्मा व राकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में चयनित बीएलओ को प्रंशसा पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 58 से सत्यनारायण जेबीटी, डोहरकलां के एससी चौपाल बूथ नंबर 45 से वीरेंद्र सिंह शारीरिक शिक्षक, शेखपुरा के बूथ नंबर 119 से प्राथमिक शिक्षक मीनाक्षी, सुभाष नगर के बूथ नंबर 118 से नवीन सैनी, चिंडालिया के एससी चौपाल बूथ नंबर 19 से जसवंत सिंह जेबीटी, शाहपुर दोयम के बूथ नंबर 122 से प्रदीप कुमार जेबीटी, गांव लहरोदा के बूथ नंबर 49 से नवीन कुमार जेबीटी, गांव शेखपुरा के बूथ नंबर 120 से शालिनी शर्मा जेबीटी, गांव ताजीपुर के बूथ नंबर 145 से रामचंद्र जेबीटी, गांव सिलारपुर मेहता के बूथ नंबर 47 से मदनलाल जेबीटी, गांव निवाजनगर के बूथ नंबर 38 से कृष्ण कुमार डीपीई, गांव बापडोली के बूथ नंबर 16 से सरजीत एमपीएचडब्ल्यू, गांव कुतबापुर के बूथ नंबर 62 से राजेंद्र कुमार जेबीटी, शहर के बूथ नंबर 96 से मुकेश कुमार जेबीटी शिक्षक को सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर ट्रस्टी राकेश शर्मा, डा. जितेंद्र भारद्वाज, हितेंद्र बोहरा, भीमसेन, नवीन सैनी, मदन सैनी, राजेश शर्मा प्रवक्ता, संयम शर्मा, सतीश सैनी, प्रदीप, प्रेमप्रकाश, सत्यनारायण, सरजीत आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### स्व. लक्ष्मीचंद गुप्ता को किए श्रद्धासुमन अर्पित



**नारनौल।** हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक एवं व्यापारियों के हितेषी स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की 18वीं पुण्यतिथि पर अग्रवाल सभा के प्रांगण में उनकी तस्वीर पर व्यापार मंडल के जिला प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल व व्यापारियों ने माला अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मीचंद गुप्ता सदैव व्यापारियों की लड़ाई के लिए तैयार रहे। जब भी किसी व्यापारी को प्रशासन या सरकार की ओर से परेशान किया गया, तो इंसाफ के लिए उन्होंने सदैव व्यापारियों का साथ दिया और व्यापारियों को न्याय दिलाया। इस अवसर पर भोजन व मीठा भी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। शहरी अध्यक्ष सुदर्शन बंसल ने कहा कि व्यापारियों के प्रति की गई सेवाओं को व्यापारी सदैव याद रखेगा।

### बहू व बेटी को समान रूप से देखें : मंजू कौशिक



**महेंद्रगढ़।** जिस घर में बेटी और बहू को समान दृष्टिकोण से देखा जाता है वहां नारी के सम्मान को बचाया रखा जा सकता है। इस तरह की सोच से लिंगानुपात के अंतर को निश्चित रूप से खत्म किया जा सकता है। गांव पालड़ी पनिहारा में दादा अशोक, राम अवतार व दादी सुमन, पवित्रा के घर जन्मी नवजात पुत्री के जन्म के उत्सव के रूप में मानने वाले परिवार को सम्मानित करते हुए यह संदेश नगर पालिका वाइस चेयरपर्सन मंजू कौशिक ने दिया। गांव पालड़ी पनिहारा में 15 मई को जैसे ही प्रिया पत्नी मोहित ने एक कन्या को जन्म दिया। तभी से सभी परिजनों ने इस अवसर की महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में लड़के के जन्म से बढ़कर उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

### चालकों को नशे से दूर रहना चाहिएः इंस्पेक्टर नरेश



**नारनौल।** ट्रेफिक पुलिस की ओर से महिला आईटीआई के सामने पुराने मक्कड़ अस्पताल परिसर में पिकअप स्टैंड के ड्राइवरों में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर ट्रेफिक इंस्पेक्टर नरेश कुमार (पहलवान साहब) ने कहा कि चालकों को नशे से दूर रहना चाहिए। सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। रात को डीपर का प्रयोग करना चाहिए और अपनी लेन में चलना चाहिए। उन्होंने चालकों को नशे के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि नशा सारी बुराईयों की जड़ है। नशे में ही व्यक्ति गलत कदम उठाता है। सड़क दुर्घटनाएं भी इससे बढ़ती हैं। उन्होंने पिकअप व लोडिंग टैंपुओं के चालकों से कहा कि वह सभी लोगों से अच्छा व्यवहार करें और अपने वाहन को सड़क किनारे पर ही खड़ा करें, जिससे अन्य वाहनों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए।

# एचपीएस स्कूल में खेल नर्सरी के लिए ट्रायल 17 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार के खेल विभाग की ओर से ताईक्वांडो खेल नर्सरी नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल को आवंटित की गई है। जिसके अंतर्गत हरियाणा पब्लिक स्कूल में सोमवार को ताईक्वांडो के आठ से 14 व 15 से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए सुबह सात बजे ट्रायल होगा। विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल के लिए हरियाणा पब्लिक स्कूल में सोमवार को सुबह सात बजे तक रिपोर्टिंग करें। सभी खिलाड़ी आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, फैमिली आईडी, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रतिलिपि व एक पासपोर्ट साइज



नारनौल। ट्रायल के लिए तैयारी करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

फोटो साथ लेकर आए। विद्यालय के डीपीई मनोज पूनिया व कोच नीतू सोनी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को हरियाणा पब्लिक स्कूल की ताईक्वांडो खेल नर्सरी में वर्षभर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा व हरियाणा सरकार की ओर से प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतिमाह 1500 से 2000 रुपये आयु वर्ग के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के चेयरमैन सुभाष चंद्र वर्मा, डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने बताया कि विद्यालय को हरियाणा सरकार की ओर से आवंटित ताईक्वांडो खेल नर्सरी क्षेत्र के ताईक्वांडो खिलाड़ियों के लिए अच्छी उपलब्धि है।

# बिजली बिल पर मंथली रेंटल खत्म, केवल यूनिट के पैसे ही भरने होंगे फैसला जनहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए जनहित फैसला लिया है। अब बिजली बिल पर मंथली रेंटल खत्म होगा। यूनिट के पैसे ही भरने होंगे। गांव व शहरी क्षेत्र में दो किलोवाट तक के घरेलू कनेक्टेड लोड वाली टैरिफ श्रेणी-वन में आने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर 115 रुपये न्यूनतम मासिक शुल्क नहीं लगाने का फैसला जनहित से जुड़ा है। यह बात शनिवार विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने यह फैसला चार माह पहले लिया था। उसे अब मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लागू करने के निर्देश




दिए है। सीएम रहते मनोहरलाल ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दो किलोवाट तक के घरेलू कनेक्टेड लोड वाली टैरिफ श्रेणी-1 में आने वाले बिजली ग्राहकों पर 115 रुपये न्यूनतम मासिक शुल्क न लगाने का फैसला किया था। इसे हरियाणा में अब लागू किया गया है। अब उपभोक्ताओं को केवल यूनिट के हिसाब से ही बिल भरना होगा। 23 फरवरी को अपने 2024-25 के बजट प्रस्तावों में सबसे गरीब लोगों को राहत देने की घोषणा के दौरान यह योजना बताई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के सबसे गरीब परिवारों को लगभग 180 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी।

# हकेंवि में ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में शुक्रवार को ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स की शुरूआत हुई। मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कुलपति ने शोध के महत्व तथा शोध के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने समाज के लाभ और अंततः देश के विकास के लिए अनुसंधान करने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आयोजन के दूसरे सत्र में प्रो. वीके जैन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक ने माइक्रो और नैनोटेक्नोलॉजी सेंसर पर आधारित व्याख्यान दिया। प्रो. जैन ने एमईएमएस और नैनोटेक्नोलॉजी की उत्पत्ति और इसके भविष्य पर विस्तार से चर्चा की। इससे पूर्व मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित कुमार ने कुलपति का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह के इस कार्यक्रम में देशभर के 16 राज्यों के 80 शिक्षण संस्थानों के 121 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है।



महेंद्रगढ़। रिफ्रेशर कोर्स में प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

# नशा बेहद गंभीर सामाजिक बुराई इससे बचें: सुशील कुमार



नारनौल। रेलवे स्टेशन पर नशा के प्रति जागरूकता अभियान चलाती जीआरपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की ओर से रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर एसआई सुशील कुमार की अगुवाई में स्टॉफ ने यात्रियों को नशा से होने वाले नुकसान से अवगत कराकर इसे त्यागने का आह्वान किया।

चौकी इंचार्ज सुशील कुमार ने कहा कि जीआरपी एसपी राजेश कालिया के निर्देशन में इस अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि नशा बेहद गंभीर सामाजिक बुराई है। जिस वजह से न केवल व्यक्ति अपना स्वास्थ्य खराब करता है, अपितु इस वजह से परिवारों को भी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके प्रति हम सभी के साथ समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि युवा पीढ़ी को इस बुराई से बचाया जा सके। आमजनको इससे जुड़े लोगों की जानकारी पुलिस को देनी चाहिए, ताकि इस गलत काम से जुड़े लोगों को सजा दिलाई जा सके। नशा चाहे किसी भी रूप में हो, वह परिवार को बर्बादी की तरफ ले जाता है। इसके कई बार हम गंभीर परिणाम देखते हैं। सरकार की तरफ से इस बुराई को समाप्त करने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।

## वर्ष 2022 में हुए चुनाव में अनियमितता बरतने का लगाया था आरोप

# सैनी क्षत्रिय सभा हो सकती है भंग, जिला रजिस्ट्रार ने कार्यकारिणी को रिकॉर्ड सहित किया तलब

- कार्यकारिणी को 19 जून को रिकॉर्ड सहित जिला रजिस्ट्रार में पहुंचने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

करीब तीन महीने से चर्चा में रही महेंद्रगढ़ की सैनी क्षत्रिय सभा एकबार फिर से चर्चाओं में बनी हुई है। सभा के आजीवन सदस्य ने वर्ष 2022 में हुए कार्यकारिणी के चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाया है। वहीं जिला रजिस्ट्रार ने कार्यकारिणी के सभी को 19 जून को रिकॉर्ड सहित कार्यालय में पहुंचने के आदेश जारी किए हैं।

11 जून को जन परिवेदना



महेंद्रगढ़। सैनी क्षत्रिय सभा का भवन। फोटो : हरिभूमि

शिविर में कार्यकारिणी के आजीवन सदस्य शहर के वार्ड नंबर 10 निवासी धनश्याम दास ने दी शिकायत में बताया कि सैनी सभा महेंद्रगढ़ की एक सैनी क्षत्रिय सभा रजिस्ट्रर्ड सभा है, जिसके वह आजीवन सदस्य हैं। जून 2022 में कार्यकारिणी के चुनाव हुए थे। जिसमें सैनी सभा के प्रधान श्रीराम सैनी ने वीरेंद्र सिंह को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। चुनाव अधिकारी ने सभा के 588 सदस्यों में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव कराया था। धनश्याम दास का कहना है कि जनसूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना गई सूचना के तहत से जानकारी मिली कि चुनाव के समय सैनी क्षत्रिय सभा के 585 सदस्य थे। जिस कारण चुनाव में धांधली हुई है। उनका कहना है कि जून 2022 में हुए चुनी गई कार्यकारिणी का अभी तक जिला रजिस्ट्रार फर्मस एंड सोसायटी नारनौल से कोई अनुमोदन भी नहीं कराया गया है, जबकि सभा के सभी खाते चुनी गई कार्यकारिणी के पदाधिकारी संचालित कर रहे हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में भारी गोलमाल की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पिछले दो वर्ष में अभी तक कार्यकारिणी की आमसभा में आयोजित नहीं हुई है। वहीं न ही आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है।

**यह चुने गए थे सभा के पदाधिकारीः**

जून 2022 में हुए चुनाव में श्रीराम सैनी को सैनी क्षत्रिय सभा का प्रधान नियुक्त किया गया था। वहीं कैलाश सैनी को उपप्रधान, रूडमल सैनी को सचिव, ओमप्रकाश सैनी को खंजाची, अमरसिंह सोनी को सहसचिव नियुक्त किया गया था। जिला रजिस्ट्रार इन सभी अधिकारियों को रिकॉर्ड सहित पहुंचने के आदेश जारी किए हैं। इनमें तीन पदाधिकारी वर्ष 2022 से पहले हुए चुनावों में भी पदाधिकारी नियुक्त हुए थे।

### राव नेतराम स्कूल को कबड्डी खेल नर्सरी आवंटित



**नारनौल।** खेल विभाग हरियाणा की ओर से खेल नर्सरी 2024-25 के आवंटित की गई है। जिसमें राव नेतराम पब्लिक विद्यालय सलीमपुर को कबड्डी की खेल नर्सरी आवंटित कि गई। इस अवसर पर विद्यालय डीपीई विक्रम सिंह ने बताया कि यह खेल नर्सरी लड़के व लड़कियों के लिए आवंटित की गई है। जिसमें 14 वर्ष की आयु तक 1500 व 19 वर्ष की आयु तक के बच्चों को 2000 की छात्रवृत्ति खेल विभाग की तरफ से दी जाती है। नर्सरी में खिलाड़ी ट्रायल के लिए अपना जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड लेकर रविवार को विद्यालय में प्रातः छह बजे पहुंचे। इस मौके ज्योति, प्रमिला, दीपक, विक्रम, उमा, प्रीति, सुनील, ममता, सुमन, राजबाला, प्रदीप, ललित, सतीश, सुशीला, रोहित, पूजा, समता, मोनिका आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप


मंडी अटेली। अपने जन्मदिन पर गनियार में पौधारोपण करती भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम देवी।

### भाजपा नेत्री ने अनुसूचित जाति बस्ती में मनाया जन्मदिन

**मंडी अटेली।** भारतीय जनता पार्टी कि जिला उपाध्यक्ष प्रेमदेवी ने शनिवार को गनियार में अनुसूचित जाति बस्ती में जाकर गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर में लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इसके अलावा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर उन्होंने गनियार गांव में पौधारोपण किया।


महेंद्रगढ़। शिव मंदिर में हवन करते हुए।

### शिव मंदिर में श्रद्धालुओं को बांटे मीठे चावल

**महेंद्रगढ़।** गांव अगिहार में प्राचीन शिव मंदिर में जोहड़ की पाल पर मीठे चावल का प्रसाद बनाया। शिव मंदिर कमेटी प्रधान रामनिवास ने बताया कि हमारे पूर्वजों के समय से गांव में यह प्रथा चली आ रही है कि मंदिर परिसर में जोहड़ की पाल पर प्राचीन जाल के पेड़ के नीचे समस्त ग्रामीणों के सहयोग से मीठे चावल का प्रसाद बनाकर खिलाने से अकाल समय में भी वर्षा होती है। इसी प्रथा को कृतार्थ करते हुए समस्त ग्रामीणों के सहयोग से सर्वप्रथम आचार्य रामकिशन शर्मा द्वारा हवन किया गया।


कनीना। छात्रा स्वीटी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### स्वीटी को गोल्ड मेडल मिलने पर जताई खुशी

**कनीना।** खंड के गांव स्याणा की बहु स्वीटी यादव को महषि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर में आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। यह मेडल राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. शील सिंधु पांडे, उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा, पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की उपस्थिति में प्रदान किया।

# एक जुलाई से लागू होंगे 3 नए कानून, अब हत्या के लिए 302 भादस की जगह 103 भान्यास होंगे

- पुलिस कार्य में पारदर्शिता लाने व कार्य को सरल, सुगम बनाने में होंगे सहयोगी : पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

**नए कानून के संबंध में पुलिस अधिकारियों व कमर्चारियों को दिया प्रशिक्षण**


नारनौल। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा की ओर से पुलिस लाइन स्थित मीटिंग हॉल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचाजार्ं व जांच इकाइयों के इंचाजार्ं ने एक जुलाई से लागू होने वाले तीनों कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेमिनार में प्रशिक्षण देने का कार्य नवनियुक्त पीएसआई अजीत कुमार, पीएसआई विपिन, पीएसआई दीपक व पीएसआई प्रतीक ने किया। इन्होंने कार्यशाला में भारतीय दंड संहिता व दंड प्रक्रिया संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम में किए गए परिवर्तनों बारे विस्तार से बताया। इस अवसर पर सेमिनार में बताया कि भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम व दंड प्रक्रिया संहिता को अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को इन कानूनों से हटाई गई धाराओं व ऐसी सभी धाराओं के बारे में विस्तार से बताया जिनमें बदलाव किया गया है या जो नई जोड़ी गई हैं। इस दौरान विस्तार से बताया कि किस धारा का स्थान अब किस धारा ने ले लिया है और उसके संबंध में क्या दंड निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से सभी अनुसंधान अधिकारियों को इन कानूनों के अनुसार ही कार्य करना होगा। इस सेमिनार के दौरान पुलिस अधीक्षक ने इन दोनों पीएसआई की ओर से व्याख्यात्मक रूप से नए कानूनों के संबंध में बताने की सराहना की। पीएसआई ने वहां पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से पूछे गए सवालों का स्पष्टता के साथ जवाब दिया। सेमिनार में बताया कि अब हत्या के लिए 302 भादस की जगह 103 भान्यास, हत्या के प्रयास के लिए धारा 307 भादस आईपीसी की जगह 109 भान्यास (बीएनएस), धमकी देना धारा 506 भादस आईपीसी की जगह 351 भान्यास (बीएनएस), किसी से ठगी करना धारा 420 भादस आईपीसी का स्थान अब धारा 318 भान्यास (बीएनएस) ने ले लिया है। उन्होंने बताया कि नए कानून में ई-एफआईआर या इलैक्ट्रोनिक एफआईआर मेल द्वारा दर्ज करवा सकते हैं। नए कानून में कम्युनिटी सर्विस के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अनुसंधान अधिकारी की ओर से अपने कार्य की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। नए कानून के तहत अनुसंधान अधिकारी को गवाही के लिए न्यायालय में नहीं जाना पड़ेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ही उनकी गवाही हो जाएगी। इससे पुलिस के कार्य में पारदर्शिता आएगी व कोर्ट की कार्रवाई में भी तेजी आएगी। जिससे जनता को न्याय शीर्घ व सुगम प्राप्त होगा। इस सेमिनार में उपपुलिस अधीक्षक मोहिंद्र सिंह, उपपुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार, उपपुलिस अधीक्षक हरदीप सिंह व सभी थाना प्रबंधक तथा चौकी इंचार्ज सहित जांच इकाइयों के इंचार्ज भी मौजूद थे।

## तय समय में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

# डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

- रेलवे स्टेशन पर योजना के तहत 16 करोड 59 लाख रुपये की लागत से हो रहे है विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम आशीष कुमार व उनकी टीम।


महेंद्रगढ़। डीआरएम ज्ञापन सौंपते दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर 16 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से चले रहे विकास कार्यों का लेकर शनिवार को बीकानेर मंडल के रेल प्रबंधक आशीष कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्य का बारिकी से निरीक्षण कर उपस्थित ठेकेदारों को तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। रेल प्रबंधक आशीष कुमार अपनी टीम के साथ शनिवार को शैल्यून ट्रेन से आए थे। रेल प्रबंधक आशीष कुमार ने सबसे पहले राजस्थान के सदालपुर स्टेशन का निरीक्षण किया, इसके बाद उन्होंने लोहारू, महेंद्रगढ़, कोसली, चरखी व भिवानी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

बता दें कि वर्ष 2023 में महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य चले रहें हैं। स्टेशन पर विकास कार्य करने वाली एजेंसी को 2024 के अंत कार्य पूरा करने हैं। रेलवे स्टेशन पर फिलहाल 60 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका हैं। 2024 के अंत तक 100 प्रतिशत कार्य पूरा होने की उम्मीद हैं। विकास कार्य पूरा होने पर रेलवे स्टेशन एक नए लुक में नजर आएंगे।

**15 रेलवे स्टेशन पर हो रहें हैं कार्य :** बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल के 15 रेलवे स्टेशन पर विभिन्न निर्माण कार्य हो रहें हैं। वहीं महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा में महेंद्रगढ, भिवानी, चरखी दादरी व नारनौल रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा हैं। महेंद्रगढ़ स्टेशन पर प्रथम चरण में छह करोड़ 51 लाख रुपये की लागत के कार्य हो रहें हैं। इन कायार्ं में सर्कुलेटिंग क्षेत्र में यातायात संचालन में सुधार और हरित पट्टी विकसित करना तथा समर्पित पार्किंग स्थान के साथ सर्कुलेटिंग क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार और प्रकाश व्यवस्था के उन्नयन कार्य, वीआईपी कमरे और नए शौचालय, आधुनिक फिटिंग के साथ मौजूदा शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण, प्लेटफॉर्म शेल्टर का और मौजूदा प्लेटफॉर्म शेल्टरों की जीआई शीट का प्रतिस्थापन, मौजूदा स्टेशन भवन का नवीनीकरण, सौंदर्य की दृष्टि से बेहतर चारदीवारी के साथ अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार व स्टेशन भवन में पोर्च का निर्माण कार्य हो रहा हैं। इसके अलावा स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, जीपीएस आधारित घड़ियां, आउटडोर वीडियो डिस्प्ले यूनिट, टीवी तथा स्पीकर्स का भी प्रावधान इस योजना में शाामिल हैं। इसके अतिरिक्त 12 मीटर चौड़े पैदल पुल भी बनाया जाएंगा, जिसकी लागत लगभग आठ करोड 97 लाख है।

### रेलवे प्रबंधक को लिखित ज्ञापन सौंपा

**महेंद्रगढ़।** अमृत स्टेशन का बीकानेर मंडल के रेलवे प्रबंधक आशीष कुमार के निरीक्षण के दौरान दैनिक रेलयात्री महासंघ ने एक लिखित ज्ञापन सौपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम बताया गया कि महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर नई ट्रेनों का ठहराव, विस्तार, फेरे बढ़ाने व ट्रेनों का समय परिवर्तन करने की मांगे काफी समय से चली आ रही है। महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन प्रदेश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक है लेकिन वर्तमान में इस रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का कार्य जोरों पर है।

### वर्ष 1942 में चली थी पहली ट्रेन

- 2008 में मीटर से ब्राड गेज लाइन बिछाई गई थी

बता दें कि वर्ष 1936 में रेवाड़ी-बीकानेर रेलवे लाईन के सर्वे का काम शुरू हुआ था। एक साल बाद वर्ष 1937 में सर्वे का काम पूरा हुआ। वर्ष 1940 में रेवाड़ी से बीकानेर तक मीटर गेज लाइन बिछाई गई थी तथा वर्ष 1942 में दिल्ली से बीकानेर तक पहली मीटर गेज ट्रेन का संचालन किया गया था। वहीं वर्ष 2008 में मीटर से ब्राड गेज लाइन बिछाई गई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में रेवाड़ी से सादलपुर तक इलैक्ट्रिक लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था तथा वर्ष 2021 में इलैक्ट्रिक लाइन पर ट्रायल किया गया था। लेकिन अभी तक इस रूट इलैक्ट्रिक ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हो पाया हैं।

### महासंघ ने यह रखी मांग

रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या.12259-60 सियालदह दुरंतो से बीकानेर, गाड़ी संख्या 12323-24 हावड़ा से बाड़मेर, गाड़ी संख्या 22481-82 जोधपुर दिल्ली इन तीन गाड़ियों का महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराया जाए। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 19701-2 सैनिक एक्सप्रेस जयपुर-दिल्ली का विस्तार चंडीगढ़ तक करने, गाड़ी संख्या 54789-90 बीकानेर रेवाड़ी-पैसेंजर का विस्तार दिल्ली तक तथा हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर से सादलपुर तक एक या दो गाड़ियों का विस्तार रेवाड़ी तक करने, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर वाया महेंद्रगढ़ बीकानेर से सुबह चार बजे एक नई इंटरसिटी दिल्ली सराय रोहिल्ला तक चलाने, जोधपुर, श्रीगंगानगर, जयपुर, जोधपुर से महेंद्रगढ़ के रास्ते राजधानी चंडीगढ़ के लिए प्रतिदिन एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने, जिससे राजस्थान को भी रेलवे से कनेक्टिविटी मिल जाएगी। दिल्ली से चूरू तक दो ईएमयू नई ट्रेन चलाने, महेंद्रगढ़ रूट पर तीर्थ स्थान के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी की एक सुपरफास्ट नई ट्रेन चलाने की मांगे उठाई है। गाड़ी संख्या 15623-24 कामख्या से वाया महेंद्रगढ भगत की कोठी को एक दिन बढ़ाकर सप्ताह में तीन दिन तक करने, गाड़ी संख्या 12371-72 हावड़ा से बीकानेर एक दिन की बजाय सप्ताह में तीन दिन चलाने, गाड़ी संख्या 14713-14 दिल्ली-सीकर दो दिन के बजाय प्रतिदिन चलाई जाए। गाड़ी संख्या 22481-82 जोधपूर-दिल्ली, गाड़ी संख्या 12457-58 बीकानेर दिल्ली, गाड़ी संख्या 19701-02 सैनिक जयपुर-दिल्ली, गाडी संख्या 14727-28 श्री गंगानगर-दिल्ली इन चारों गाड़ियों का रात्रि के समय दिल्ली आने जाने में एक घंटे के समय का बदलाव किया जाए। रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ सेक्शन पर ऑटोमेटिक सिंगल की सुविधा तथा रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ रेलवे लाइन का दोहरीकरण, कापर्स फंड द्वारा मॉडल स्टेशन बनाने, रेवाड़ी-सादलपुर रेलवे लाइन का दोहरीकरण जल्द करवाने, महेंद्रगढ़ स्टेशन पर टिकट एक्सामिनियर की पोस्ट खोली जाए।


महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला में बैठक करते संघ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की बैठक आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में सैनिक विकास संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। संघ उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि मासिक बैठक में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ के संरक्षक कर्नल आरके यादव विशेष तौर पर उपस्थित थे। कर्नल आरके यादव ने निर्विरोध नई कार्यकारिणी का गठन करने पर सभी को बधाई दी। कार्यकारिणी को मिलकर काम करने की अपील की। नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात यह पहली मासिक बैठक थी। बैठक में अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा। सभा के नए सदस्य ऑडिट रिपोर्ट एवं कार्यकारिणी के चुनाव को डीआईसी नारनौल में चढ़ने के लिए संघ महासचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य को नियुक्त किया जाए। इसमें होने वाले खर्च को पास किया जाए तथा उनको खर्च करने की शक्ति प्रदान की जाए। प्रस्ताव को सर्व सहमति से पास किया गया। पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा, कप्तान सुरेंद्र सिंह, कप्तान मामराज, कोषाध्यक्ष सूबेदार हवा सिंह, महासचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य, सहसचिव हवलदार भागमल, हवलदार शेर सिंह, लेफ्टिनेंट राम सिंह, नायक सूबेदार सोमवीर सिंह, नायक सूबेदार राम सिंह, सूबेदार मेजर सज्जन सिंह, सूबेदार मेजर युद्धवीर, सूबेदार होशियार सिंह, नायक रामकिशन खेड़ा आदि थे।

# प्रतिभाओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

- आरपीएस शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में : डॉ.

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पंचकूला में 12 जून को किया गया, जिसमें आरपीएस के छात्र-छात्राओं को प्रदेश के राज्यपाल राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के बच्चों की इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, सविता यादव, विंग हेड देवेंद्र पूनिया, अमित कुमार, जिले सिंह, प्रीतिका शर्मा, अनीता अहलावत सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने सभी विजेता बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि महेंद्रगढ़ शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपने कदम लगातार तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जिसके परिणाम हम सब के सामने हैं। बाल भवन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में आरपीएस विद्यालय की प्रतिभाएं 15 वर्षों से अव्वल भूमिका में नजर आ रही है। आरपीएस बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित है। सीईओ मनीष राव ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। समय पर उचित मंच मिलना इन प्रतिभाओं को तराशने के लिए अति आवश्यक है। विद्यालय में बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार मंच प्रदान कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचना ही नहीं उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी आरपीएस कृत संकल्पित है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि आरपीएस ग्रुप शिक्षा के साथ-साथ खेलों, संगीत, आर्ट सहित अन्य विधाओं व प्रतियोगिताओं में भी अपने बच्चों को सफलता के मुकाम पर पहुंचाने के लिए उचित मंच प्रदान कर रहा है।

# राव जयराम डिग्री कॉलेज में दाखिले शुरू

- कॉलेज निर्देशक सुरेंद्र यादव ने बताया कि स्नातक स्तरीय कक्षाओं के लिए तीन जून से दाखिले शुरू हो चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। दाखिले के लिए लाइन में लगे विद्यार्थी।

अटेली रोड पर स्थित राव जयराम डिग्री कॉलेज में स्नातक स्तरीय कक्षाओं के लिए दाखिले शुरू हो गए हैं। कॉलेज निर्देशक सुरेंद्र यादव ने बताया कि स्नातक स्तरीय कक्षाओं के लिए तीन जून से दाखिले शुरू हो चुके हैं। राव जयराम कॉलेज में बीए, बीएससी मेडिकल तथा बीएससी नॉन मेडिकल तथा बीकॉम कोर्सेज उपलब्ध हैं। इन सभी कोर्स के लिए इच्छुक विद्यार्थी किसी भी कार्यदिवस के कॉलेज में आकर संपर्क कर सकते हैं। कॉलेज में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। हमारे कॉलेज में ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा भी कॉलेज की तरफ से ही निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई है। जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है वे कॉलेज में आकर अपने फॉर्म भरवा सकते हैं। कॉलेज में दाखिले मेरिट लिस्ट के आधार पर किए जाएंगे। दाखिले को लेकर विद्यार्थियों के संकाओं का समाधान करने के लिए कॉलेज में एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। दाखिला डेक्स इंचार्ज रामरख यादव ने बताया की विद्यार्थी अपने दसवीं एवं 12वीं कक्षा के प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज लेकर 25 जून से पहले कॉलेज में पहुंचकर अपने फॉर्म भरवा सकते हैं तथा कॉलेज में दाखिले ले सकते हैं। विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान कॉलेज कैंपस में ही किया जाएगा।

## कार्यकर्ताओं को संगठित होकर विसचुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया

# सरकार के तालमेल से विकास कार्यों को मिल पाएगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। कार्यकर्ताओं से रूबरू होते नवनिर्वाचित सांसद चौ. धर्मबीर सिंह।

नवनिर्वाचित सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने नांगल चौधरी हलके में पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रधान दयाराम यादव व प्रदेश के सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठित होकर विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा में जातिवाद की राजनीति नहीं होती। प्रत्येक वर्कर को उसकी योग्यता के अनुसार जिम्मेवारी सौंपने की परंपरा बनी हुई है। इसी परंपरा के मुताबिक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव बीते चुनावों से काफी अलग रहा है, अबकी बार विभिन्न दुष्प्रचार करके जनता को भ्रमित करने का प्रयास हुआ है। बावजूद सरकार की नीतियों से उत्साहित जनता ने दुष्प्रचारों को नकार दिया और विकास कायार्ं पर मुहर लगाई है। बीते 10 साल के दौरान दक्षिण हरियाणा में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने 60 सालों में भी नहीं हुए। मेडिकल कॉलेज, एम्स, लॉजिस्टिक हब, हाईवे की श्रृंखला का निर्माण होने से क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पूरे देश की विकास योजनाएं बनाई जाती हैं, जिन्हें क्रियाविंत करने के प्रदेश सरकार की सोच मुख्य होती है। केंद्र व राज्य में एक ही सरकार होने से तालमेल बना रहेगा।

### राशन कार्ड के लिए दफ्तरों में चक्कर काटने की जरूरत नहीं

इस अवसर पर सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की ऑनलाइन योजनाओं ने दफ्तरों में पारदर्शिता आई है। गरीब वर्ग को राशन कार्ड के लिए दफ्तरों में चक्कर काटने की जरूरत नहीं, पीपीपी की रिपोर्ट के अनुसार स्वत ही बीपीएल राशन कार्ड बन जाएगा। बुढ़ापा पेंशन के लिए भी अब आवेदन या दस्तावेज प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं। परिवार पहचान की सत्यापित आयु के अनुसार विभाग स्वयं पेंशन सुविधा मुहैया करवाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट का स्थाई समाधान करने के लिए सरकार ने गांवों में वाटर टैंक स्वीकृत किए हैं। नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से किसानों की पैदावार और आमदनी दोगुणा हो गई है। इसके बाद सांसद ने एडवोकेट अनिल यादव मांदी के प्रतिष्ठान पर जलपान किया। यहां कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनावों में एकजुट होकर पार्टी को विजयी बनाने के टिप्स दिए हैं। इस मौके पर जयसिंह नेता, बनवारीलाल, अशोक प्रधान, सतबीर गहली, महेश घाटासेर, चेयरमैन कर्मपाल यादव मौजूद थे।


नारनौल। छबील लगाने पर कार्यक्रम संयोजक राम अवतार को सम्मानित करते हुए।

### भाविप ने लगाई मीठे पानी की छबील

**नारनौल।** भारत विकास परिषद की ओर से शनिवार नगर परिषद कार्यालय के बाहर मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान परिषद सदस्यों की ओर से छबील कार्यक्रम संयोजक राम अवतार सैनी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष राजकुमार यादव, कोषाध्यक्ष डा. दीपक वर्मा, सचिव दिनेश सैनी, महेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, मुकेश जैन, भीमसेन शर्मा, डा. जितेंद्र भारद्वाज, सुभाष सिंगला, हितेंद्र बोहरा, कुलभूषण शर्मा, राकेश शर्मा सहित शाखा सदस्य मौजूद रहे।

### कल नावदी में होगा श्री श्याम का जागरण

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव नावदी में श्री श्याम का जागरण कल रात्रि 17 जून को किया जाएगा। इस जागरण में मुख्य अतिथि बसपा नेता अत्तर लाल रहेंगे। इस जागरण में अनेक गायक कलाकार अपने भजनों के साथ प्रस्तुति देंगे। यह जागरण समस्त ग्रामवासी व श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा करवाया जा रहा है।

**Corrigendum**

**SASKRITI INSTITUTE OF EDUCATION and TECHNOLOGY**
Nizampur Road, Amarpur Jorasi / Narnaul)
Tel. 01282-242444, 9812224055, 9671668844, 9416454720
Accredited by NACC with "B" Grade (Siet@rediffmail.com)

In Continuation to our previous advertisement published on dated 12 June 2024 the necessary modification/rectification have been made. interested candidate can apply up to 02 july 2024.

M.Ed.:- Professor- 01, Associate professor - 01, Assistant Professor-02.
B.Ed.:- Perspective in Education- 04, Pedagogy Subject: Social Science-04, Hind- 02 Sanskrit-02. English-02, Biological Science-02, Physical Science-02. mathematics-02, Economics-02, Commerce 02, Performing arts (Music)-01, Fine arts (Visual arts-01), Health and Physical Education-01.
Non-Teaching staff:- Librarian-01, office Manager/Head Clerk-01, Clerk-01, Office Assistant Cum Computer- 01, Store keeper -01, Lab attendant -02, Helper-02, Peon-02, Safai Karmchari -01, Gurard-02.
Qualification and Experience as per IGU Meerpur, Rewari NCTE/State Govt. Norms.
Application with all documents should reach in the office of the College and the same Copy of application Should be Submitted in the office of Dean of Colleges development Council, IGU Meerpur, Rewari in the prescribed format along with application processing Fee of RS 1000 in favor of Register IGU, Meerpur.
Those candidates who have applied against previous advertisement need not apply again. (Date : 16.06.2024) Chairman